**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 383**
**(02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों का निर्माण पूरा करना**

**383. श्री कुलदीप इंदौरा:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत सड़क परियोजनाओं में भ्रष्टाचार , घटिया सामग्री के उपयोग और पूर्णता तिथियों की गलत रिपोर्टिंग के संबंध में लोक शिकायत पोर्टलों के माध्यम से या राज्य सरकारों द्वारा प्राप्त शिकायतों का राजस्थान सहित राज्य-वार ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है;

(ख) जांच की गई , निपटान की गई और लंबित शिकायतों का ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है;

(ग) राजस्थान में विशेषकर श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अपनी मूल समय-सीमा से अधिक विलंबित सड़क विकास और उन्नयन परियोजनाओं की सूची क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं में लागत वृद्धि का ब्यौरा क्या है और विलंब के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) और (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत शिकायतों का समय पर समाधान और उनके निस्तारण को प्राथमिकता दी जाती है और सीपीग्राम पोर्टल/पीएमओ/वीआईपी संदर्भ और राज्यों के माध्यम से अलग -अलग श्रेणी में मिली शिकायतों का विभाग समय पर निस्तारण करता है। इसके अलावा, प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए विभाग ने पीएमजीएसवाई के संबंध में शिकायत निस्तारण के लिए "मेरी सड़क" ऐप को बनाया है। अलग-अलग श्रेणी में मिली शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं और जैसे ही मिलती हैं , उन्हें समय पर ज़रूरी कार्रवाई करके प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाता है।

इस अवधि के दौरान धौलपुर करौली के माननीय सांसद श्री भजन लाल जाटव द्वारा भरतपुर , धौलपुर और करौली जिले के पीएमजीएसवाई के कार्यों में गुणवत्ता के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई है। विभाग ने इस पर तत्परता से  कार्रवाई की और राष्ट्रीय गुणवत्ता निगरानीकर्ता (एनक्यूएम) की टीम को तुरंत प्रभाव से माह जून और जुलाई 2025 में निरीक्षण के लिए फील्ड में भेजा। आवश्यक अनुपालन हेतु  एनक्यूएम की रिपोर्ट राज्य सरकार के साथ साझा की गई। राज्य सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट  मिलते ही, उससे माननीय संसद सदस्य को अवगत कराया जाएगा।

**पीएमजीएसवाई के तहत राजस्थान राज्य सहित "सीपीग्राम्स पोर्टल" के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में प्राप्त शिकायतें और उनके निस्तारण का विवरण नीचे तालिका -1 में दिया गया है:**

**क: अखिल भारत**

| **वित्तीय वर्ष** | **प्राप्त शिकायतों की संख्या** | **दिये गए अंतिम उत्तर** | **लंबित** |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 1755 | 1605 | 150 |
| 2023-24 | 1623 | 1576 | 47 |
| 2024-25 | 1015 | 972 | 43 |
| 2025-26 (27.11.2025 तक) | 905 | 833 | 72 |
| **कुल** | **5298** | **4986** | **312** |

**ख: राजस्थान राज्य**

| **वित्तीय वर्ष** | **प्राप्त शिकायतों की संख्या** | **दिये गए अंतिम उत्तर** | **लंबित** |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 333 | 299 | 34 |
| 2023-24 | 292 | 286 | 6 |
| 2024-25 | 186 | 184 | 2 |
| 2025-26 (27.11.2025 तक) | 199 | 185 | 14 |
| **कुल** | **1,010** | **954** | **56** |

**पीएमजीएसवाई के तहत राजस्थान राज्य सहित "मेरी सड़क" मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में प्राप्त शिकायतें और उनके निस्तारण की जानकारी नीचे तालिका-2 में दी गई है:**

**तालिका :2**

**क: अखिल भारत**

| **वित्तीय वर्ष** | **प्राप्त शिकायतों की संख्या** | **दिये गए अंतिम उत्तर** | **लंबित** |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 2915 | 2455 | 460 |
| 2023-24 | 4905 | 4820 | 85 |
| 2024-25 | 8382 | 8162 | 220 |
| 2025-26 (27.11.2025 तक) | 3728 | 3056 | 508 |
| **कुल** | **19,930** | **18,493** | **1,273** |

**ख: राजस्थान राज्य**

| **वित्तीय वर्ष** | **प्राप्त शिकायतों की संख्या** | **सभी का निस्तारण हो गया है। कोई शिकायत लंबित नहीं है** |
|---|---|---|
| 2022-23 | 155 | 0 |
| 2023-24 | 386 | 0 |
| 2024-25 | 500 | 0 |
| 2025-26 (27.11.2025 तक) | 236 | 0 |
| **कुल** | **1277** | 0 |

(ग) पीएमजीएसवाई के अंतर्गत योजना की शुरूआत से लेकर आज तक (26.11.2025) राजस्थान राज्य के लिए पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यकलापों/घटकों के तहत कुल 78,267 किलोमीटर सड़क की लंबाई को कवर करने वाली कुल 18,161 सड़कें और 73 पुल स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 75,788 कि.मी. की 18,109 सड़कें और 65 पुल राज्य सरकार ने पूरे कर लिए हैं। राजस्थान राज्य के श्री गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में आज तक (27-11-2025) स्वीकृत और पूर्ण हुई परियोजनाओं का खर्च सहित ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **जिले का नाम** | **स्वीकृत** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **सड़कों की संख्या** | **सड़क लंबाई (कि.मी.)** | **पुलों की संख्या** | **प्रस्ताव निधि (रुपये करोड़ में)** |
| श्रीगंगानगर | 178 | 1,178.165 | 1 | 318.51 |
| हनुमानगढ़ | 165 | 1,223.400 | - | 335.42 |

| जिले का नाम | पूरे हो चुके | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **सड़कों की संख्या** | **सड़क लंबाई (कि.मी.)** | **पुलों की संख्या** | **राज्यांश सहित व्यय (रुपये करोड़ में)** |
| श्री गंगानगर | 177 | 1,158.06 | 1 | 262.56 |
| हनुमानगढ़ | 165 | 1,184.88 | - | 282.91 |

**टिप्पणी: श्री गंगानगर जिले में पीएमजीएसवाई-III के तहत 0.60 कि.मी. लंबाई की केवल 1 सड़क का कार्य लंबित है।** पीएमजीएसवाई-III के पूरा होने की समयसीमा मार्च 2026 है। विस्तृत जिला-वार रिपोर्ट कार्यक्रम की वेबसाइट "www.omms.nic.in ->Progress Monitoring ->State MPR Abstract Report" पर देखी जा सकती है।

(घ) परियोजनाओं के पूरा होने में देरी की वजह से कोई लागत वृद्धि नहीं हुई है। इसलिए, रिपोर्ट को शून्य माना जा सकता है।

*****